अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय ताईक्वांडो प्रशिक्षण सह-प्रतियोगिता कार्यक्रम संपन्न

❒ जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में रायगढ़ स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय महिला ताईक्वांडो प्रशिक्षण सह-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तमनार विकासखंड से 07, घरघोड़ा से 15, किरोड़ीमल नगर से 36 एवं रायगढ़ से 70 सहित कुल 128 महिला प्रतिभागियों एवं 20 आफिसियल्स ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं महापौर जानकी अमृत काटजू के मुख्य आतिथ्य में विजयी खिलाडिय़ों को मेडल एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही समस्त खिलाडिय़ों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि पटेल द्वारा जिला प्रशासन के इस कार्य की सराहना की एवं आने वाले सालों में और वृहद आयोजन करने का आश्वासन दिया गया। महापौर काटजू ने समस्त विजयी एवं भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए इस खेल की महत्ता को महिलाओं के लिए आवश्यक समझते हुए और अधिक संख्या में महिलाओं को जोडऩे की बात कही।

इससे पूर्व में 25 एवं 26 फरवरी 2023 को सेंट जेवियर स्कूल बोईरदादर रायगढ़ में जिला प्रशासन के द्वारा जिला स्तरीय महिला एवं पुरूष शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। जिसमें जिले के कुल 156 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु बिलासपुर से राष्ट्रीय स्तर के निर्णायकों को बुलाया गया था। साथ ही जिला ताइक्वांडो संघ के जय यादव, अध्यक्ष एवं सचिव उमेश यादव व टीम का सराहनीय सहयोग रहा तथा जिले के व्यायाम शिक्षक सर्वश्री बालकृष्ण डनसेना, चंद्रमणी गुप्ता, युवराज चौधरी, सत्यवान साहू, गेंद कुमार पटेल, उष्मा पटेल विशेष सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जीवन लाल नायक सहा.जिला. क्रीड़ाधिकारी ने प्रदान की।

प्रतियोगिता के ये रहे परिणाम-

सब जूनियर बालिका वर्ग- 16 किलोग्राम वर्ग में प्रथम-भार्गवी चौहान, 18 किलोग्राम में कनिष्का-प्रथम एवं गिरिषा-द्वितीय, 20 किलोग्राम वर्ग में-प्रथम परिधि, द्वितीय-अभिजिता, तृतीय-टियाना साहू, 22 किलोग्राम वर्ग में प्रथम-शिवानी, द्वितीय-कुमुद एवं तृतीय-भूमिका, 24 किलोग्राम में प्रथम-आलिया, द्वितीय-वेद्या एवं तृतीय-श्रद्धा रही। 26कि.ग्रा. वर्ग में प्रथम-पूर्वा साहू, द्वितीय-स्नुति मेहर एवं तृतीय-सोनाक्षी, 29 कि. ग्रा. वर्ग में प्रथम -मानसी साहू, द्वितीय-हिमांशी-तृतीय-डौली पटेल, 32 किलो ग्राम वर्ग में प्रथम-वर्णिका, द्वितीय-आब्या एवं तृतीय-नब्या यादव, 35 किलो ग्राम वर्ग में-प्रथम आभ्या गुप्ता, द्वितीय- सुरभि चक्रवती एवं तृतीय-फलक महंत, 38 कि.ग्रा वर्ग में प्रथम-अराध्या, द्वितीय-एकांक्षी पांचाल, 41 कि. ग्रा. वर्ग में प्रथम-सौम्या साहू, द्वितीय-सुप्रिया साहू एवं तृतीय-काब्या सानवी, 41 प्लस वर्ग में प्रथम-साक्षी, द्वितीय-मुस्कान एवं तृतीय-प्रियांशी रही।

जूनियर बालिका वर्ग - 42 किलोग्राम वर्ग में प्रथम-मिनाक्षी प्रसाद, द्वितीय-सुनयना, 42 से 44 कि. ग्रा.में प्रथम-सोहा पटेल, 44 से 46 कि.ग्रा में प्रथम-सुष्मिता, द्वितीय-मनीषा, 46 से 49 कि. ग्रा में प्रथम दिशा केंवट, 49 से 52 कि.ग्रा.में प्रथम-रिसिता सिंह, द्वितीय-अंजु सिदार, 59 से 63 कि.ग्रा.में प्रथम-अन्नू आदित्य, द्वितीय-याचना साहू, 63 से 68 कि.ग्रा में प्रथम-हेतल मांझी केडेट बालिका, 29 से 33कि. ग्रा.में प्रथम वृंाषिका, द्वितीय-प्रतिमा भोय, 33 से 37 कि. ग्रा.-प्रथम याशिका पटेल, द्वितीय प्रतिभा साहू एवं तृतीय साई पावनी, 37 से 41 कि.ग्रा में प्रथम-वर्षा चौहान, द्वितीय-खुशी एवं तृतीय-निशा उरांव, 41 से 44 कि. ग्रा में प्रथम-वानसी साहू, द्वितीय-लोकांक्षा पटेल एवं तृतीय-शांभवी सिंह, 44 से 47 कि.ग्रा में प्रथम-संध्या यादव, द्वितीय-वान्या साहू, तृतीय-पलक प्रीत कौर, 47 से 51 कि.ग्रा में प्रथम-रिया, द्वितीय-लीना, 51 से 55 कि.ग्रा में प्रथम-प्राची यादव, 55 से 59 कि.ग्रा. प्रथम-कंचन प्रभा एवं 59 प्लस में प्रथम-यामिनी कनवर रहे।

सीनियर बालिका वर्ग - 46 कि. ग्रा.प्रथम-मानसी, द्वितीय-मुस्कान एवं तृतीय-जसिंता मिंज, 46 से 49 कि.ग्रा.प्रथम-साक्षी मिश्रा, द्वितीय-रोशनी पन्ना एवं तृतीय-अंसिता तिवारी रही। इसी तरह 49 से 53 कि. ग्राम में प्रथम-ज्योति चंद्रा एवं द्वितीय दिशा डनसेना, 53 से 57 कि.ग्रा में प्रथम-आकृति सहिस, 57 से 62 कि.ग्रा में प्रथम-बवीता विश्वकर्मा एवं द्वितीय-स्वीटी पासवान तथा 62 से 67 कि.ग्रा. में प्रथम-सृष्टि मिश्रा एवं द्वितीय-रिशिता ओंगरे रही।

महत्वपूर्ण एवं खास

अमन सिंह की जमानत याचिका हाईकोर्ट में खारिज

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के समय ताकतवर ब्यूरोक्रेट और डॉ रमन सिंह के प्रमुख सचिव रहे *अमन सिंह की अग्रिम जमानत आज 6 मार्च को उच्च न्यायालय बिलासपुर ने खारिज कर दी है। उच्च न्यायालय बिलासपुर ने उन्हें निर्देश दिया है कि निचली अदालत में जाकर जमानत आवेदन लगाएं... उल्लेखनीय है कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में ईओडब्ल्यू ने अमन सिंह के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज की थी, जिसे उच्च न्यायालय बिलासपुर में निरस्त कर दिया गया था, इस मामले को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता उचित शर्मा उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली गए थे, जहां उच्चतम न्यायालय के विद्वान न्यायाधीशों ने तल्ख टिप्पणी करते हुए उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश को निरस्त कर दिया था।

11 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना बकावंड अंर्तगत होली के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन, बिक्री एवं अवैध शराब कोचियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़-गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना प्रभारी बकावंड निरीक्षक चंद्रशेखर श्रीवास के नेतृत्व में तीन अलग-अलग टीम बनाकर पतासाजी की जा रही थी। इसी तारतम्य में गठित तीनों टीमों द्वारा मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों में घेराबंदी रेड कार्रवाई कर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है जिसमें 1. ग्राम करंजी में आरोपी राजेश सोनी से 3.14 लीटर अंग्रेजी शराब। 2.ग्राम बकावंड में आरोपी दिवाकर कश्यप से 3.93 लीटर अंग्रेजी शराब। 3.ग्राम राजनगर में आरोपी पदमचरण बिसाई से करीबन 4.55 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर उपरोक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके विरुद्ध पृथक-पृथक प्रकरण 34(1)र आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

आठ तक मनाया जा रहा जल शक्ति सप्ताह

जगदलपुर (आरएनएस)। जल जीवन मिशन के तहत बस्तर जिला में 2 से 8 मार्च तक जल शक्ति सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिला के विभिन्न स्कूलों, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जल शक्ति जीवन की, महिला शक्ति समाज के रिढ़ की हड्डी है। इस विषय पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता,नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी का आयोजन तथा प्रतिभागियों को सम्मानित किया जा रहा है।

नकली नोट पकड़ने गई पुलिस को मिली महिला की टुकड़ों में लाश,पति गिरफ्तार

❒ शव के टुकड़े कर पानी की टंकी में छिपाया

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर के उसलापुर रेवले स्टेशन के पीछे नकली नोट की तलाश में पहुंची पुलिस को घर की पानी टंकी से एक महिला की टूकड़ों में कटी हुई लाश मिली। पुछताछ में बात सामने आई कि महिला के पति ने कई महिनो पहले अपनी पत्नी की हत्या कर उसकी लाश के टूकड़े कर पानी की टंकी में छूपा दिया था। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को पवन सिंह ठाकुर नामक व्यक्ति के द्वारा नकली नोट छपाने की जानकारी मिली थी जिस पर पुलिस की टीम ने उसे उसलापुर ओवरब्रिज के पास नकली नोट के साथ दबोच लिया। और फिर जब उसके घर में दबिश दी गई तो 500 और 200 के नकली नोट के बंडल मिले। तलाशी लेने आरोपी के घर पहुंची तो उसके घर की स्थिति चौंकाने वाली थी। पुलिस को घर से बदबू आ रही थी। इस बीच जैसे ही पुलिस ने पानी की टंकी का ढक्कन खोला तो टुकड़ों में कटी लाश मिली, आरोपी पवन ने बताया, लाश उसकी पत्नी सती साहू की है। पूछताछ में आरोपी पवन सिंह ने पुलिस को बताया, वह पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। उसकी बड़ी बेटी 5 साल की है और बेटा 3 साल का है। वह यहां एनटीपी कर्मी एक्का के मकान में किराये पर रहता था। और सीसीटीवी कैमरा ऑपरेटिंग और रिपेयरिंग का काम करता है। उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक हो गया था, कि वह किसी दूसरे लडक़े से बात करती है। जिसके चलते उसने पिछले 5 जनवरी को पत्नी की हत्या कर उसके लाश के टूकड़े कर पानी की टंकी में छूपा दिया था। आरोपी पवन सिंह ठाकुर पत्नी सती साहू से लव मैरिज किया था, इसलिए लडक़ी के मायके वाले बेटी से ज्यादा मतलब नहीं रखते थे। घटना के 2 महीने बीतने के बाद भी महिला के मायके वाले किसी तरह की खोजबीन नहीं की यहां तक कि, आसपास के लोगों को भी कोई भनक नहीं लगी थी। आरोपी काम के बहाने बाहर जाने का बोलकर बच्चों को गांव में अपने माता-पिता के पास छोड़ आया था। पुलिस की पूछताछ में ये भी पता चला है कि, पवन सिंह की पत्नी सती साहू मुंगेली के दाऊपारा की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी पवन सिंह ठाकुर के साथ उसके अन्य साथियों को गिरफ्तार किया है, जो नकली नोट बनाने और मार्केट में खपाने का काम करते थे।

नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसको भगा ले जाने तथ उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना गुढिय़ारी में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री को बिना बताये घर से कहीं चली गई। परिजन के संरक्षण से अपहरण होने की शंका पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गुढिय़ारी में धारा 363 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गुढिय़ारी के नेतृत्व में थाना गुढिय़ारी पुलिस की टीम द्वारा घटना में संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रार्थिया की पुत्री की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण कर प्रार्थिया की पुत्री की पतासाजी करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान प्रार्थिया की पुत्री दिनांक 2 मार्च 2023 को घर वापस आई। पूछताछ में प्रार्थिया की पुत्री ने बताया कि विशाल वंशकार निवासी कर्मा चैक रामनगर थाना गुढिय़ारी उसे विवाह करने का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले गया तथा उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जिस पर आरोपी विशाल वंशकार को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि. एवं 4 पास्को एक्ट जोड़ी जाकर कार्यवाही किया गया।

अनियंत्रित होकर हाईवा साइडिंग के रेलवे ट्रेक में पलटा

कोरबा (आरएनएस)। रेलवे साइडिंग में कोयला अनलोड करने पहुंची हाईवा अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रेक पर जा गिरी। घटना में चालक को मामूली चोट आई। ट्रेक पर कोयला गिर जाने से मालगाडी में लोडिंग का काम नहीं हो सका।

गेवरा रोड़ रेलवे स्टेशन की साइडिंग में यह घटना रविवार की सुबह हुई। बताया जा रहा है कि हाईवा क्रमांक सीजी 11 एजेड 9699 कोयला अनलोडिंग करने पहुंचा था। चालक वाहन निकाल रहा था, तभी साइडिंग में रेल लाइन के किनारे हाईवा पहुंच गया। चालक कुछ समझ पाता, इसके पहले ही हाईवा अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रेक पर जा गिर कर पलट गया। घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया और चालक को मामूली चोट लगी। वहां उपस्थित अन्य लोगों ने तत्काल चालक को बाहर को निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मी व अधिकारी भी स्थल पहुंच गए। इसके साथ ही कोयला व हाइवा को हटाने का काम शुरू किया गया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद हाईवा ट्रेक से हटा लिया गया। रेल लाईन में गिरे कोयला को हटा कर साफ किया गया, इसके बाद मालगाड़ी में कोयला लदान का काम आरंभ हुआ। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि घटना से कोयला लदान का काम ज्यादा प्रभावित नहीं हुआ। वाहन हटाने के बाद पुन: मालगाड़ी में लदान का काम शुरू कर दिया गया है।

कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल और छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टॉल का किया निरीक्षण

❒ रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए हर्बल गुलाल का करें प्रयोग-कलेक्टर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज जनपद पंचायत के प्रांगण में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए हर्बल गुलाल और छत्तीसगढ़ी व्यंजन के स्टॉल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के साथ-साथ कलेक्टर ने समूह की महिलाओं के उत्पादों की प्रशंसा करते हुए हर्बल गुलाल एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में खाजा एवं अरसा की खरीदी की। जय माँ शारदा समूह मुडिय़ाडीह, सारंगढ़ के इस समूह की महिलाओं ने उत्साहवर्धन हेतु कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी का धन्यवाद किया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत इस समूह के द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। बिहान के ये हर्बल गुलाल पूरी तरह से इको फ्रेंडली एवं स्किन फ्रेंडली है। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी ने कहा कि होली के पर्व पर रासायनिक रंगों के दुष्प्रभाव से दूर रहते हुए अपने मित्र, परिजनों एवं स्वजनों के साथ हर्बल गुलाल के साथ होली खेलें। हर्बल गुलाल प्राकृतिक रंग है जो ईको फ्रेंडली है, इनका अधिक से अधिक उपयोग करें। जनपद प्रांगण में उक्त निरीक्षण के दौरान सारंगढ़ जनपद सीईओ अभिषेक बनर्जी, कार्यक्रम प्रबंधक जनपद संदीप तम्बोली एवं स्व-सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय कला पर्व 10 से

❒ शास्त्रीय संगीत, कला प्रदर्शनी, नाट्य प्रदर्शन एवं कला चर्या से सराबोर होगी शाम

रायपुर (आरएनएस)। कला अकादमी छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से तीन दिवसीय कला पर्व का आयोजन 10, 11 व 12 मार्च को कला वीथिका मुक्ताकाशी मंच सभागार महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर रायपुर में रखा गया है।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कला पर्व त्रिआयामी है। जिसके अंतर्गत कला वीथिका में युवा कलाकारों की प्रदर्शनी 10 मार्च शुक्रवार से 12 मार्च रविवार तक आयोजित होगी। इसका उद्घाटन 10 मार्च को शाम 6:00 बजे होगा। प्रदर्शनी के संयोजक हुकुम लाल वर्मा और सहायक राजेंद्र सुनगरिया हैं।

प्रतिभागी कलाकारों में चित्रकला में राधिका चौहान, निकिता साहू, कमलेश कुर्रे, निकिता नामदेव, निर्वेर साहू, बेबी प्रिया दीपक जुर्री, जीवेश कुमार साहू, रुपेश्वरी चंदेल, विदिशा जैन, पंकज यादव और चंद्रपाल पांजरे शामिल हैं।

वही मूर्तिकला में आगंतुकगण तृप्ति खरे, जितेंद्र साहू, विमल फुटान, बलदेव मंडावी, द्रोणवाशु और कुलेश्वर राम की कला देख सकेंगे। इसी तरह ग्राफिक में सारिका गोस्वामी, वैभव यादव, नीलेश कश्यप, वेणु प्रिया, शालिनी गुप्ता अंकित लकड़ा व मनिंदर सिंह की कला से दर्शक रूबरू होंगे।

अकादमी के अध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कला पर्व के अंतर्गत 11 व 12 मार्च को संगीत सभा का आयोजन रखा गया है। जिसमें 11 मार्च शनिवार की शाम मुक्ताकाशी मंच पर डॉ जय खरे वैष्णव अमरावती का शास्त्रीय गायन, पंडित असीम चौधरी कोलकाता का सितार वादन और पंडित भुवनेश कोमकली देवास का शास्त्रीय गायन होगा। वहीं 12 मार्च को 'प्रारंभ' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के युवा कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

जिसमें रायपुर के किशन देवांगन का शास्त्रीय गायन, भिलाई की पूनम सर्पे का एकल तबला वादन, रायपुर के डॉक्टर के रोहन नायडू का वायलिन वादन और नई दिल्ली के पंडित रितेश एवं पंडित रजनीश मिश्रा का शास्त्रीय गायन होगा। संगत कलाकारों में मिलिंद वैष्णव, पंडित पार्थसारथी मुखर्जी, रामेंद्र सिंह सोलंकी ,रामचंद्र सरपे और कांत पीसे संगत करेंगे।

मार्च के शुरुआती दिनों में ही भीषण गर्मी का एहसास, मौसम विभाग ने जताई बड़ी आशंका

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ मेंसाल के शुरुआत से ही तापमान में वृद्धि होना शुरू हो गया है. साल 2023 के जनवरी और फरवरी महीने में तापमान सामान्य से दो डिग्री ज्यादा रहा है. अभी मार्च का महीना चल रहा है।

मार्च के शुरुआती दिनों में ही लोगों को लू जैसे गर्म हवा का सामना करना पड़ रहा है. लोग अभी से गर्मी से बेहाल हैं. मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि इस साल छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ सकती है. अन्य सालों की तापमान की तुलना में इस साल तापमान ज्यादा रहेगा.

मार्च के शुरुआती दिनों में ही लू और गर्मी का होने लगा लोगों का एहसास

मार्च के शुरुआती दिनों में ही छत्तीसगढ़ में लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होने लगा है. दोपहर के समय गर्म हवा चलने लगी है ऐसा महसूस हो रहा है कि मई-जून में पडऩे वाली लू अभी से शुरू हो गई है. लोग सिर और मुंह पर कपड़े बांधकर घरों से निकल रहे हैं तेज धूप और गर्म हवाओं की वजह से लोग ख़ासा से परेशान हो रहे हैं. अमूमन देखने को पहले यह मिलता था कि मार्च के आखिरी दिनों से गर्मी का एहसास लोगों को होता था. लेकिन इस बार गर्मी का एहसास मार्च के शुरुआती दिनों से ही होने लगा है।

इधर मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि छत्तीसगढ़ में इस साल भीषण गर्मी पड़ सकती है क्योंकि साल 2023 के शुरुआत होते ही जनवरी और फरवरी महीने में सामान्य से 2 डिग्री का इजाफा हुआ है. जबकि जनवरी और फरवरी महीने में ठंड जैसा माहौल रहता था. लेकिन तापमान में जनवरी और फरवरी से वृद्धि होना यह संकेत देता है कि इस साल छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ सकती है.

झेलनी पड़ सकती है भीषण गर्मी

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि इस साल जनवरी-फरवरी महीने में सामान्य से 2 डिग्री तापमान अधिक रहा है और हो सकता है कि आने वाले दिनों में तापमान लगातार बढ़ सकता है. एचपी चंद्र ने बताया कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में इस साल सामान्य से ज्यादा गर्मी पड़ सकती है. अगर इस साल मानसून लेट हुआ तो जून तक भीषण गर्मी पड़ सकती है।

एचपी चंद्रा ने बताया कि अमूमन देखा जाता है कि छत्तीसगढ़ में जब भी भीषण गर्मी पड़ती है तो मौसम में बदलाव आता है. और कहीं जगह आंधी तूफान और पानी भी गिरता है. जिसके वजह से तापमान में गिरावट भी होता है. एचपी चंद्रा ने आशंका जताई है कि इस साल जनवरी से ही तापमान में सामान्य से ज्यादा वृद्धि देखने को मिला है इसलिए आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी पड़ सकती है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU